GIRLS' HIGH SCHOOL & COLLEGE, PRAYAGRAJ

WORKSHEET No- 04

SESSION - 2020 - 2021

CLASS - IX - A, B, C, D, E

SUBJECT - HINDI

निर्देश :- अभिभावकों से ये अपेक्षा की जाती है कि वे ये सुनिश्चित करें कि छात्रा दो दिनों तक सम्बन्धित विषयवस्तु एवं पाठ का अध्ययन करे, तत्पश्चात दिए गए प्रश्नों का निर्देशानुसार उत्तर दे।

नोट :- पाठ्यपुस्तक = व्याकरण - सरस्वती व्याकरण सुमन (कक्षा - IX - X के लिए)

साहित्य - ICSE साहित्य सागर

साहित्य सागर (अभ्यास पुस्तिका)

व्याकरण

प्रश्न - 1. निम्नलिखित विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए -

पुस्तकें ज्ञान का भण्डार होती हैं तथा हमारी सच्ची मित्र

Scanned with CamScanner

एवं गुरु भी होती हैं। हाल ही में पढ़ी गई अपनी किसी पुस्तक के विषय में बताते हुए लिखिए कि वह आपको पसन्द क्यों आई और आपने उससे क्या सीखा ?

प्रश्न-2 निम्नलिखित विषय पर लगभग 120 शब्दों में हिन्दी में पत्र लिखिए -

आप अपनी छुट्टियाँ अपने प्रिय चाचा - चाची के साथ बिताना चाहते हैं, जो कि किसी दूसरे शहर में रहते हैं। उन्हें अपने पहुँचने की सूचना देते हुए एक पत्र लिखिए और बताइए कि आप उनके साथ अपनी छुट्टियाँ किस तरह बिताना चाहते हैं।

प्रश्न-3 कोष्ठक में दिए गए शब्दों के उपयुक्त विशेषण बनाकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

(i) हिमालय भारत के ______ भाग में स्थित है। (उत्तर)

(ii) ______ छात्रों को वार्षिकोत्सव पर सम्मानित किया गया। (मेधा)

(iii) श्रीराम का चरित्र ______ है। (अनुकरण)

(iv) शेर ______ पशु है। (हिंसा)

(v) नेता जी ने ______ भाषण दिया। (ओज)

Scanned with CamScanner

प्रश्न-4 रिक्त स्थानों की पूर्ति रेखांकित शब्दों के विलोम शब्दों द्वारा कीजिए-

(i) शब्दों का सही प्रयोग न करने पर कभी-कभी **अर्थ** का ______ हो जाता है।

(ii) मुझे तुमसे यह **अपेक्षा** नहीं थी कि तुम घर आए अतिथि की इस प्रकार ______ करोगे।

(iii) ______ में **अनेकता** भारतीय संस्कृति की मुख्य विशेषता है।

(iv) **उत्तम** स्वभाव वाले मनुष्यों पर ______ पुरुषों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

(v) कल तक वह इस बात का **विरोधी** था, आज ______ बन गया है।

प्रश्न-5 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए-

(i) जो थोड़ा बोलता हो

(ii) जिसका दमन कभी न हो सके

(iii) जिसकी गहराई का पता न चल सके

(iv) मन में होने वाला ज्ञान

(v) अंदर छिपा हुआ

Scanned with CamScanner

प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन बनाइए -

(i) लेखिका
(ii) राशि
(iii) सभा
(iv) तिथि
(v) कथा
(vi) पुड़िया
(vii) समिति
(viii) लता
(ix) झील
(x) पंक्ति

साहित्य (गद्य भाग)

पाठ - काकी

लेखक - सियाराम शरण गुप्त

प्रश्न - 7 निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

लोग जब उमा को श्मशान ले जाने के लिए उठाकर ले जाने लगे तब श्यामू ने बड़ा उपद्रव मचाया। लोगों के हाथ से छूटकर वह उमा के ऊपर जा गिरा। बोला, "काकी सो रही हैं, उन्हें इस तरह उठाकर कहाँ लिए जा रहे हो? मैं न जाने दूँगा"। लोग बड़ी कठिनता से उसे हटा पाए। काकी के दाह - संस्कार में उसे नहीं जाने दिया। एक दासी राम - राम करके उसे घर पर

Scanned with CamScanner

ही सँभाले रही।

(i) उमा कौन थी? बड़े सवेरे जब श्यामू की नींद खुली तो उसने क्या देखा?

(ii) श्यामू ने बड़ा उपद्रव कब मचाया और क्यों?

(iii) बुद्धिमान गुरुजनों ने उसे क्या विश्वास दिलाया?

(iv) श्यामू को किससे और कैसे असलियत का पता चला?

प्रश्न-8 वर्षा के अनंतर एक दो दिन में ही पृथ्वी के ऊपर का पानी तो अगोचर हो जाता है, परंतु भीतर-ही-भीतर उसकी आर्द्रता जैसे बहुत दिन तक बनी रहती है, वैसे ही उसके अंतस्तल में वह शोक जाकर बस गया था। वह प्राय: अकेला बैठा-बैठा शून्य मन से आकाश की ओर ताका करता।

(i) 'ऊपर का पानी' तथा 'भीतर की आर्द्रता' के द्वारा लेखक का किस ओर संकेत है?

(ii) असत्य के आवरण में कौन सा सत्य छिपा था और वह सत्य कैसे प्रकट हो गया?

(iii) आप किस प्रकार जानेंगे कि पृथ्वी के अंदर की आर्द्रता बहुत समय तक स्थायि रहती है?

Scanned with CamScanner

(iv) 'वह प्राय: अकेला बैठा-बैठा शून्य मन से आकाश की ओर ताका करता' यह किसके बारे में कहा गया है और क्यों? स्पष्ट करिए।

प्रश्न-9 भोला श्यामू से अधिक समझदार था। उसने कहा, "बात तो बहुत अच्छी है, परंतु एक कठिनता है। यह डोर पतली है। इसे पकड़कर काकी उतर नहीं सकतीं। इसके टूट जाने का डर है। पतंग में मोटी रस्सी हो, तो सब ठीक हो जाएगा"। श्यामू गंभीर हो गया। मतलब यह कि बात लाख रुपये की सुझाई गई है, परंतु कठिनता यह थी कि मोटी रस्सी कैसे मँगाई जाए।

(i) भोला को श्यामू से समझदार क्यों कहा गया है? स्पष्ट करिए।

(ii) किस चिंता के कारण श्यामू को देर रात तक नींद नहीं आई?

(iii) श्यामू ने मोटी रस्सी कैसे मँगाई?

(iv) "नाम की चिट रहेगी तो पतंग उन्हीं के पास पहुँच जाएगी"। यह किसने कहा, किससे कहा और क्यों कहा?

Scanned with CamScanner

प्रश्न-10- दो घंटे बाद प्रफुल्ल मन से श्यामू और भोला अँधेरी कोठरी में बैठे-बैठे पतंग में रस्सी बाँध रहे थे। अकस्मात् शुभ कार्य में विघ्न की तरह उग्र रूप धारण किए हुए विश्वेश्वर वहाँ आ घुसे। भोला और श्यामू को धमकाकर बोले, "तुमने हमारे कोट से रुपया निकाला है?" भोला सकपकाकर एक ही डाँट में मुखबिर हो गया। बोला, "श्यामू भैया ने रस्सी और पतंग मँगाने के लिए निकाला था"।

(i) श्यामू और भोला प्रफुल्ल मन से पतंग में रस्सी क्यों बाँध रहे थे?

(ii) इनके शुभ कार्य में विघ्न किसने डाला और कैसे?

(iii) भोला की बात सुनकर कौन हतबुद्धि होकर खड़ा रह गया और क्यों?

(iv) विश्वेश्वर को किस बात पर क्रोध आया और उसने क्या किया?

E N D

Scanned with CamScanner